## दिनांक 14.08.2017 को वित्त नियन्त्रक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण उ0प्र0 की अध्यक्षता में आयोजित सूडा/समस्त डूडा कार्यालयों की वित्तीय वर्ष 2016–17 की बैलेंसशीट तैयार करने हेतु नामित किये गये चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

सूडा मुख्यालय एवं उ0प्र0 के समस्त डूडा कार्यालयों की वित्तीय वर्ष 2016–17 की बैलेंसशीट तैयार किये जाने हेतु नामित चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स की, एक समीक्षा बैठक दिनांक 14 अगस्त, 2017 को आयोजित की गयी जिसमें समस्त जनपदों की बैलेंसशीट की प्रगति के विषय में बिन्दुवार समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक का बिन्दुवार कार्यवृत्त निम्नवत है :–

- आगरा मण्डल हेतु नामित चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट पी0एम0ए0 एण्ड कम्पनी के द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा जनपद आगरा की बैलेंसशीट तैयार कर परियोजना अधिकारी डूडा, आगरा को दे दी गयी है तथा फिरोजाबाद, मैनपुरी एवं मथुरा की बैलेंसशीट तैयार होने की प्रक्रिया में है। मे0 पी0एम0ए0 एण्ड कम्पनी को निर्देश दिया गया कि जनपद फिरोजाबाद एवं मैनपुरी की दिनांक 20.08.17 तथा जनपद मथुरा की बैलेंसशीट दिनांक 25.08.17 तक तैयार कर परियोजना अधिकारी डूडा को हस्तगत करा दें।
- इलाहाबाद मण्डल हेतु नामित चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट मे0 लक्ष्मी सक्सेना एण्ड एसोसिएट्स के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद इलाहाबाद, फतेहपुर, कौशाम्बी एवं प्रतापगढ़ की बैलेंसशीट तैयार करने हेतु जनपदीय डूडा के परियोजनाधिकारियों एवं लेखाकारों से सम्पर्क किया जा रहा है एवं उक्त जनपदों की बैलेंसशीट क्रमशः 25 अगस्त, 20 अगस्त, एवं 22 अगस्त, 2017 तक डूडा कार्यालयों को उपलब्ध करा दी जायेगी। उक्त सी0ए0 को निर्देश दिये गये कि उक्त जनपदों की बैलेंसशीट अवगत करायी गयी उपरोक्त तिथियों तक परियोजनाधिकारी डूडा कार्यालयों को अवश्य हस्तगत करा दें।
- आजमगढ़ मण्डल हेतु नामित चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट मे0 ओम रस्तोगी एण्ड कम्पनी के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद आजमगढ़ की बैलेंसशीट तैयार कर 07 अगस्त, 2017 को एवं जनपद बलिया की बैलेंसशीट दिनांक 12अगस्त, 2017 को सम्बन्धित जनपदीय डूडा के परियोजनाधिकारियों को उपलब्ध करा दी गयी है तथा अम्बेडकर नगर एवं मऊ की बैलेंसशीट का कार्य प्रगति पर है। उक्त सी0ए0 को निर्देश दिये गये कि जनपद मऊ एवं जनपद अम्बेडकरनगर की बैलेंसशीट दिनांक 20 अगस्त, 2017 को परियोजनाधिकारी उक्त डूडा कार्यालयों को अवश्य हस्तगत करा दें।
- बरेली मण्डल हेतु नामित चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट मे0 अरविन्द सक्सेना एण्ड कम्पनी के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद बदायूँ, बरेली एवं शाहजहाँपुर की बैलेंसशीट तैयार कर 18 अगस्त, 2017 को एवं जनपद पीलीभीत की बैलेंसशीट दिनांक 25 अगस्त, 2017 को सम्बन्धित जनपदीय डूडा के परियोजनाधिकारियों को उपलब्ध करा दी जायेगी। उक्त सी0ए0 को निर्देश दिये गये कि उपरोक्त जनपदों की बैलेंसशीट उनके द्वारा अवगत

करायी गयी उपरोक्त तिथियों को परियोजनाधिकारी उक्त डूडा कार्यालयों को अवश्य हस्तगत करा दें।

- बस्ती मण्डल हेतु नामित चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट मे0 वी0 अवस्थी एण्ड अरविन्द श्रीश एण्ड कम्पनी के द्वारा अवगत कराया गया कि आवंटित जनपदों की बैलेंसशीट तैयार कर दिनांक 25 अगस्त, 2017 तक सम्बन्धित जनपदीय डूडा के परियोजनाधिकारियों को उपलब्ध करा दी जायेगी। उक्त सी0ए0 को निर्देश दिये गये कि आवंटित जनपदों की बैलेंसशीट उनके द्वारा अवगत करायी गयी उपरोक्त तिथियों को परियोजनाधिकारी उक्त डूडा कार्यालयों को अवश्य हस्तगत करा दें।
- देवीपाटन मण्डल हेतु नामित चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट मे0 करूणा जैन एण्ड कम्पनी के द्वारा अवगत कराया गया कि आवंटित जनपदों की बैलेंसशीट तैयार करने का कार्य प्रगति पर है। उक्त सी0ए0 को निर्देश दिये गये कि आवंटित जनपदों की बैलेंसशीट दिनांक 25.08.2017 तक परियोजनाधिकारी उक्त डूडा कार्यालय आवंटित जनपदों को अवश्य हस्तगत करा दें।
- फैजाबाद मण्डल हेतु नामित चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट मे0 प्रणव अग्रवाल एण्ड कम्पनी के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद फैजाबाद एवं बाराबंकी के परियोजनाधिकारियों के द्वारा दूरभाष पर उन्हें दिनांक 22.08.2017 को उक्त जनपदों की बैलेंसशीट तैयार करने हेतु बुलाया गया है एवं जनपद अमेठी तथा सुलतानपुर के परियोजनाधिकारियों से दूरभाष पर समपर्क नहीं हो पा रहा है। उक्त सी0ए0 को निर्देश दिये गये कि वे जनपद अमेठी एवं सुलतानपुर स्वयं चले जायें तथा समस्त आवंटित जनपदों की बैलेंसशीट तैयार कर दिनांक 25.08.2017 तक उक्त परियोजनाधिकारी डूडा कार्यालयों को अवश्य हस्तगत करा दें।
- गोरखपुर मण्डल हेतु नामित चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट मे0 अभय डी0 अग्रवाल एण्ड कम्पनी के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद देवरिया, कुशीनगर, गोरखपुर एवं महराजगंज की बैलेंसशीट का कार्य प्रगति पर है। उक्त सी0ए0 को निर्देश दिये गये कि दिनांक 22.08.2017 तक डूडा देवरिया, कुशीनगर एवं महराजगंज तथा दिनांक 25.08.2017 तक डूडा गोरखपुर की बैलेंसशीट तैयार कर उक्त परियोजनाधिकारी डूडा कार्यालयों को अवश्य हस्तगत करा दें।
- झांसी मण्डल हेतु नामित चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट मे0 एस0के0 त्रिपाठी एण्ड एसो0 के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद झांसी, जालौन एवं ललितपुर के परियोजनाधिकारियों से सम्पर्क किया जा रहा है। उक्त सी0ए0 को निर्देश दिये गये कि विशेष प्रयास करके दिनांक 25.08.2017 तक उक्त डूडा कार्यालयों की बैलेंसशीट तैयार कर परियोजनाधिकारी उपरोक्त डूडा कार्यालयों को अवश्य हस्तगत करा दें।

- कानपुर मण्डल हेतु नामित चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट मे0 ए0के0 कनौजिया एण्ड एसो0 के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद औरेया के परियोजनाधिकारी के द्वारा दूरभाष पर उन्हें दिनांक 25.08.2017 को, जनपद कानपुर नगर के परियोजनाधिकारी के द्वारा दिनांक 20.08.2017 को बैलेंसशीट तैयार करने हेतु बुलाया गया है। जनपद फर्रूखाबाद तथा जनपद इटावा के परियोजनाधिकारी एवं लेखाकार के द्वारा उनसे सपर्क नहीं किया जा रहा है तथा जनपद कानपुर देहात एवं जनपद कन्नौज की बैलेंसशीट तैयार कर संबंधित जनपदों को हस्तागत करा दी गयी हैं। उक्त सी0ए0 को निर्देश दिये गये कि जनपद औरेया एवं कानपुर नगर की बैलेंसशीट क्रमशः दिनांक 25.08.2017 एवं 20.08.2017 तक उक्त परियोजनाधिकारी डूडा कार्यालयों को अवश्य हस्तगत करा दें। साथ ही परियोजनाधिकारी/लेखाकार डूडा, इटावा एवं फर्रूखाबाद को दिनांक 25.08.2017 तक बैलेंसशीट तैयार कराने के निर्देश दिये गये।
- लखनऊ मण्डल के जनपद हरदोई, लखीमपुर खीरी, लखनऊ एवं रायबरेली हेतु नामित चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट मे0 भारतरत्ना एण्ड कम्पनी के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद हरदोई, लखीमपुर एवं लखनऊ की बैलेंसशीट तैयार करने का कार्य प्रगति पर है एवं जनपद रायबरेली की बैलेंसशीट दिनांक 11.08.2017 को तैयार कर परियोजनाधिकारी को हस्तगत करा दी गयी है। लखनऊ मण्डल के जनपद सीतापुर एवं उन्नाव हेतु नामित सनदी लेखाकार मे0 शोभित गुप्ता एण्ड कम्पनी के द्वारा उक्त जनपदों की बैलेंसशीट दिनांक 28.07.2017 को ही उक्त डूडा कार्यालयों को हस्तगत करा दी गयी है।
- मेरठ मण्डल के जनपद बुलन्दशहर, हापुड़, गाजियाबाद, मेरठ एवं गौतमबुद्धनगर की बैलेंसशीट नामित चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट मे0 महावीर अग्रवाल एण्ड कम्पनी के द्वारा तैयार कर संबंधित डूडा कार्यालयों को हस्तगत करा दी गयी है।
- मुरादाबाद मण्डल के जनपद बिजनौर की बैलेंसशीट दिनांक 22.08.2017 एवं जनपद रामपुर, मुरादाबाद एवं अमरोहा की बैलेंसशीट दिनांक 19.08.17 तक नामित चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट मे0 लाठ एण्ड एसो0 के द्वारा पूर्ण कर दिये जाने विषय में अवगत कराया गया है। उक्त सी0ए0 को निर्देश दिये गये कि दी गयी तिथि को उक्त डूडा कार्यालयों की बैलेंसशीट तैयार कर परियोजनाधिकारी उपरोक्त डूडा कार्यालयों को अवश्य हस्तगत करा दें।
- वाराणसी मण्डल के चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट मे0 कुकिल अग्रवाल एण्ड कम्पनी के द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद वाराणसी, चन्दौली एवं जौनपुर की बैलेंसशीट दिनांक 22.08.2017 तक एवं जनपद गाजीपुर की बैलेंसशीट दिनांक 31.08.17 तक तैयार कर दी जायेगी। नामित सनदी लेखाकार को निर्देश दिये गये कि दी गयी तिथि को उक्त डूडा कार्यालयों की बैलेंसशीट तैयार कर परियोजनाधिकारी उपरोक्त डूडा कार्यालयों को अवश्य हस्तगत करा दें।

- मिर्जापुर मण्डल के चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट मे0 अनुज शिव एण्ड एसो0 के द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद भदोही एवं मिर्जापुर की बैलेंसशीट दिनांक 19.08.2017 तक तैयार हो जायेगी एवं जनपद गाजीपुर की बैलेंसशीट दिनांक 25.07.17 को पी0ओ0 डूडा, सोनभद्र को उपलब्ध करा दी गयी है। नामित चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट को निर्देश दिये गये कि दी गयी तिथि को उपरोक्त शेष दो डूडा कार्यालयों की बैलेंसशीट तैयार कर परियोजनाधिकारी उपरोक्त डूडा कार्यालयों को अवश्य हस्तगत करा दें।

अलीगढ़ मण्डल हेतु नामित चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट मे0 मुकेश राज एण्ड कम्पनी, चित्रकूट मण्डल हेतु नामित चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट मे0 शिवगोपाल गुप्ता एण्ड कम्पनी एवं सहारनपुर मण्डल हेतु नामित चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट मे0 सोढ़ी सिंघल एण्ड जैन कतिपय कारणों से समीक्षा बैठक में उपस्थित नहीं हुए। उक्त चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स को दिनांक 25.08.17 तक संबंधित जनपदों की बैलेंसशीट तैयार कर जनपदों के परियोजनाधिकारियों को हस्तगत कराने हेतु निर्देशित किया गया। अन्त में समीक्षा बैठक धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुई।

(साजिद आजमी)
वित्त नियंत्रक

पत्रांक 1854 /79/एक/बै0शी0/2016–17 दिनांक 18 अगस्त, 2017

प्रतिलिपि :–

1. निदेशक महोदय को अवलोकनार्थ।
2. परियोजना अधिकारी, डूडा, समस्त जनपदों को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट द्वारा उपलब्ध करायी गयी बैलेंसशीट को स्वयं एवं संबंधित समस्त से हस्ताक्षरित कराते हुए विलम्बतम दिनांक 10 सितम्बर, 2017 तक अभिकरण मुख्यालय पर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। जिन जनपदों की बैलेंसशीट संबंधित चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स द्वारा तैयार कर उपलब्ध करा दी गयी है, उक्त बैलेंसशीट को स्वयं एवं संबंधित समस्त के हस्ताक्षरोपरान्त तत्काल अभिकरण मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
3. समस्त नामित चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स को उक्तानुसार कार्यवाही हेतु।

(साजिद आजमी)
वित्त नियंत्रक